सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 209 इंदौर, गुरुवार 12 फरवरी, 2026 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# श्रवण यंत्र प्रकरण में उपभोक्ता को बड़ी राहत

## ●इंदौर उपभोक्ता आयोग का महत्वपूर्ण आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, इंदौर (इंदौर-एक) ने श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) की आपूर्ति एवं सेवा में कमी से संबंधित एक प्रकरण में उपभोक्ता के हित में महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया है। आयोग ने श्रवण यंत्र की गुणवत्ता में खामी तथा शिकायत के निराकरण में लापरवाही को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत "सेवा में कमी" मानते हुए विपक्षी पक्ष को राशि वापसी एवं क्षतिपूर्ति प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।**

प्रकरण के अनुसार परिवादी द्वारा चिकित्सकीय परामर्श एवं विपक्षी पक्ष के आश्वासन पर 73 हजार रुपये मूल्य का श्रवण यंत्र क्रय किया गया था। परिवादी का कहना था कि यंत्र कान में सही ढंग से फिट नहीं हुआ, जिससे उन्हें अत्यधिक दर्द, असुविधा एवं मानसिक कष्ट का सामना करना पड़ा। परिवादी द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद विपक्षी पक्ष द्वारा यंत्र को केवल सुधारने का प्रयास किया गया, किंतु समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। इसके बाद परिवादी ने श्रवण यंत्र की राशि वापस करने की मांग की, परंतु निर्धारित समय में राशि लौटाई नहीं गई।

आयोग द्वारा प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों, शपथ-पत्रों एवं तर्कों के सूक्ष्म परीक्षण के उपरांत यह निष्कर्ष निकाला गया कि परिवादी को अपेक्षित एवं संतोषजनक सेवा प्रदान नहीं की गई। आयोग ने माना कि श्रवण यंत्र की फिटिंग एवं कार्यक्षमता में कमी तथा शिकायतों के बावजूद समाधान न होना स्पष्ट रूप से सेवा में कमी को दर्शाता है। आयोग ने अपने अंतिम आदेश में विपक्षी पक्ष को निर्देश दिए हैं कि वह आदेश की तिथि से 45 दिवस के भीतर परिवादी को श्रवण यंत्र की संपूर्ण राशि 73 हजार रुपये परिवाद प्रस्तुति की तिथि से 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज सहित लौटाए। इसके अतिरिक्त आयोग ने मानसिक एवं शारीरिक पीड़ा के लिए पाँच हजार रुपये तथा वाद व्यय के रूप में तीन हजार रुपये का भुगतान करने का भी आदेश दिया है।

## ढाका में भिड़े जमात और बीएनपी समर्थक, बीएनपी चीफ तारिक रहमान ने डाला वोट

**ढाका, (एजेंसी)**बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरउद्दीन ने गुरुवार को ढाका में वोट डालने के बाद कहा, हम देश को पर्व के माहौल में चुनाव का तोहफा देना चाहते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि बांग्लादेश लोकतंत्र की रेल पर सवार हो गया है और जल्द ही अपनी मंजिल तक पहुंचेगा। उन्होंने दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षक भी मतदान की व्यवस्था से संतुष्ट हैं। ढाका में मीरपुर-10 संसदीय सीट पर बीएनपी और जमात समर्थकों के बीच भिड़ंत की खबर है। इसी सीट से जमात के मुखिया शफिकुर रहमान चुनाव लड़ रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने कालिदास अकादमी उज्जैन में किया कार्यक्रम को संबोधित

# सिंहस्थ के लिए उज्जैन के प्रबंधन से पूरे प्रदेश का बढ़ेगा गौरव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**उज्जैन, (एजेंसी)** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्हीं के मार्गदर्शन में बने महाकाल लोक में उज्जैन को वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन का केन्द्र बनाया है। मोक्षदायिनी शिप्रा मैया की कृपा से उज्जैन अब सिंहस्थ-2028 के लिए तैयार हो रहा है। भगवान महाकाल के आशीर्वाद से सिंहस्थ की तैयारियों के लिए 1133.67 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित की जा रही हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमि-पूजन हो रहा है। इस परियोजना से सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। साथ ही शहर के हर घर में लंबे समय तक जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। सिंहस्थ के लिए उज्जैन के प्रबंधन से पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के ग्राम हरियाखेड़ी में जल आवर्धन परियोजना के भूमि-पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लगभग 47.23 करोड़ लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनको नमन करते हुए कहा कि उनके दिखाए अंत्योदय के मार्ग पर चलते हुए ही हमारी सरकार गरीब से गरीब के कल्याण में लगी हुई है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ही उज्जैन जिले में प्रोजेक्ट संवर्धन आरंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके सम्मान और सफाई कर्मचारियों को किट वितरण जैसी गतिविधियां प्रतीक स्वरूप आयोजित की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में आयुर्वेद का धनवंतरी इंस्टीट्यूट खोला जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के माध्यम से आयुर्वेद की पढ़ाई और चिकित्सा के लिए एक बड़ी सौगात बहुत जल्द मिलने वाली है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े सभी स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। सरकार ने उज्जैन, ओरछा सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थानों पर शराबबंदी कर एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं और बहनों को रोजगार दिलवाने के लिए रोजगार आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उज्जैन के पास रेडीमेड गारमेंट की यूनिट शुरू होने पर बहनों को काम करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी उज्जैन ने बाबा महाकाल के कार्यक्रमों का प्रसारण किया। यह प्रसन्नता का विषय है कि आकाशवाणी के माध्यम से उज्जैन के युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। आकाशवाणी के माध्यम से सिंहस्थ से जुड़े समाचार भी जन-जन तक पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थः 2028 में पूरी दुनिया के श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। राज्य सरकार इसके लिए सभी तैयारियों को समय रहते हुए पूरा कर रही है। उज्जैन बाबा महाकाल और सम्राट विक्रमादित्य की नगरी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सभी बुनियादी सुविधाओं के लिए विकास कार्य हो रहे हैं। क्षिप्रा के घाटों पर सिंहस्थ में आए 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। रामघाट के पास एक छोटा और एक बड़ा पुल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले महीने मार्च में उज्जैन में भव्य गीता भवन का लोकार्पण होगा। शीघ्र ही उज्जैन-इंदौर फोर लेन रोड का भूमि-पूजन भी किया जाएगा। उज्जैन भी मेट्रोपोलिटन सिटी का हिस्सा होगा। यह सभी कार्य शहर के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

### दोबारा रजिस्ट्रेशन वाली याचिका खारिज

# लाड़ली बहना योजना में दखल से हाई कोर्ट का इनकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने लाड़ली बहना योजना में दोबारा पंजीयन शुरू करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है। रतलाम के पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने याचिका दायर कर 21 वर्ष आयु सीमा, 60+ महिलाओं को बाहर रखने और 1500 से 3000 राशि लागू करने की मांग की थी। कोर्ट ने सरकार की दलील मानते हुए याचिका अस्वीकार कर दी है।

यह मामला मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना योजना से जुड़ा है। इस योजना में दोबारा पंजीयन शुरू करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका को एमपी



हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। सरकार ने कोर्ट में कहा कि योजनाओं की पात्रता तय करना सरकार का विशेषाधिकार है, इसमें न्यायालय हस्तक्षेप नहीं कर सकता। दो पक्षों की बात सुनने के बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। दरअसल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में रतलाम के पूर्व विधायक एवं पूर्व महापौर पारस सकलेचा ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत पंजीयन दोबारा शुरू करने को लेकर जनहित याचिका लगाई थी। याचिका में कहा गया था कि 20 अगस्त 2023 के बाद 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी महिलाओं का पंजीयन सरकार द्वारा बंद किए जाने से कई महिलाएं इसका लाभ नहीं उठा पा रही हैं। इस योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। लेकिन 20 अगस्त 2023 से रजिस्ट्रेशन बंद किए जाने के कारण नए महिलाओं का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा था। याचिकाकर्ता ने इसी के साथ पात्रता की न्यूनतम आयु 21 से घटकर 18 वर्ष करने की मांग भी रखी थी। सुनवाई के दौरान शासन की तरफ से पक्ष रखा गया कि रजिस्ट्रेशन बंद या शुरू करना पूर्णतः शासन का निर्णय है। इस तरीके के निर्णय में कोर्ट का दखल नहीं हो सकता। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी है।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सख्त कदम जिले के ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर सुरक्षा उपाय तेज

## कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर त्वरित सुधार कार्य प्रभावी रूप से किए जा रहे हैं। चिन्हित स्थानों पर अस्थायी और स्थायी दोनों प्रकार की सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।**

ब्लैक स्पॉट पर सभी जरूरी कार्य कर उन्हें सुरक्षित बनाए जाने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में एडीएम रोशन राय, अपर आयुक्त नगर निगम आकाश सिंह, एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्माण एजेंसियों और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थानों पर तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। समीक्षा में सामने आया कि जिले में कुछ नए ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित हुए हैं, जबकि कई स्थानों पर सुधार कार्य होने से स्थिति बेहतर भी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग कर ऐसे स्थानों पर सुधार कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं।



बैठक में बताया गया कि ब्लैक स्पॉट्स पर दुर्घटना रोकने के लिए तत्काल अस्थायी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग, डिवाइडर निर्माण तथा अंधे मोड़ों पर विशेष संकेतक लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को लेकर संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी अस्थायी सुरक्षा उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जैसे ही किसी स्थान पर ब्लैक स्पॉट की जानकारी मिलती है, वहां तत्काल टीम भेजकर पहले अस्थायी सुरक्षा उपाय लागू किए जाये, उसके बाद जल्द ही स्थायी समाधान की दिशा में कार्य शुरू किया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और नागरिकों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। इसके लिए ब्लैक स्पॉट्स की पहचान, सुधार और निगरानी की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

# एमआर-10 जक्शन और रालामंडल ओवरब्रिज निर्माण कार्य की कलेक्टर श्री वर्मा ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

## गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एमआर-10 जक्शन पर बनाए जा रहे ओवरब्रिज का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओवरब्रिज का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता मानकों के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सुरक्षा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।**

कलेक्टर शिवम वर्मा ने रालामंडल ओवरब्रिज का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि ओवरब्रिज की एक भुजा पर आवागमन प्रारंभ कर दिया गया है। शीघ्र ही दूसरी भुजा पर भी यातायात शुरू कर दिया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण कर आम जनता को जल्द से जल्द सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# 5 मार्च से शुरू होंगी यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं

**इंदौर।** यूनिवर्सिटी की थर्ड और फोर्थ ईयर की परीक्षाओं का काउंट डाउन शुरू हो गया है। 5 मार्च से शुरू होने जा रहे इस महाकुंभ में करीब 46 हजार स्टूडेंट्स बैठेंगे। नई शिक्षा नीति के बीच चौंकाने वाला ट्रेंड सामने आया है, फोर्थ ईयर (ऑनर्स) में छात्रों की संख्या पिछले साल के मुकाबले सीधे 50% गिर गई है। पिछले साल फोर्थ ईयर में 3000 छात्र थे, जो इस साल घटकर मात्र 1500 रह गए हैं।

### बीए में सबसे ज्यादा 16 हजार स्टूडेंट्स

यूनिवर्सिटी ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए छात्रों की संख्या के आधार पर केंद्रों का वितरण किया है।




**बीए**: 16,000 छात्र, केंद्रः 80 कॉलेज

**बीकॉम**: 11,000 छात्र, केंद्रः 60 कॉलेज

**बीएससी**: 8,000 छात्र, केंद्रः 25 कॉलेज

**बीबीए, बीसीए**: 8,000 छात्र, केंद्रः 25 कॉलेज

नई शिक्षा नीति के तहत 4 साल की डिग्री का विकल्प तो मिला, लेकिन छात्र इसे चुनने में कतरा रहे हैं। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद ग्रेजुएशन में तीन वर्षीय पारंपरिक कोर्स और चार वर्षीय ऑनर्स, दोनों विकल्प उपलब्ध हैं। तीन साल का ग्रेजुएशन करने वाले छात्र जल्दी पीजी या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं और कुल पांच साल में पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा कर लेते हैं। वहीं, चार साल की डिग्री लेने वाले छात्रों के लिए पारंपरिक पीजी एक साल का रह जाता है और वे सीधे नेट परीक्षा देकर पीएचडी के पात्र हो सकते हैं। हालांकि, एमबीए, एमसीए, बीएड जैसे प्रोफेशनल पीजी कोर्स अभी भी दो साल के ही हैं। इसी कारण फोर्थ ईयर में छात्रों की संख्या इस बार तीन हजार से घटकर आधी रह गई है। छात्र जल्द से जल्द 3 साल की डिग्री लेकर कॉम्पिटिटिव एग्जाम में बैठना चाहते हैं। प्रोफेशनल कोर्सेज (एमबीए, एमसीए, बीएड्) में 4 साल की डिग्री के बाद भी 2 साल ही लग रहे हैं, जिससे छात्रों को एक्स्ट्रा साल देने में फायदा नहीं दिख रहा।

# मेट्रो प्रोजेक्ट के इंजीनियर ने पोकलेन चालक को रोका तो पंजे से कुचलने की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अब मामूली विवाद में लोग एक-दूसरे की जान लेने पर उतारू हो जाते हैं। छोटा बांगड़दा क्षेत्र में एक तालाब खुदाई के दौरान एक पोकलेन चालक गलत तरीके से पंजा चला रहा था। मार्ग से गुजर रहे मेट्रो कंपनी के इंजीनियर आशुतोष ने यह देख पोकलेन के चालक को डांटा तो उसने गलती मानने के बजाय इंजीनियर से हुज्जत करना शुरू कर दी। यही नहीं, उसने पोकलेन के पंजे से इंजीनियर को कुचलने की कोशिश की।**



जैसे-तैसे इंजीनियर जान बचाकर भागे और पुलिस को सूचना दी। घटना मंगलवार दोपहर की है। मेट्रो कंपनी के इंजीनियर सड़क से गुजर रहे थे। तभी एक स्कूली वैन से पोकलेन का पंजा टकराते-टकराते बचा। वे गाड़ी से उतरे और पोकलेन चला रहे युवक से कहा कि अभी बच्चों को पोकलेन के पंजे से चोट लग जाती, ठीक से काम करो। यह सुनकर चालक गुस्सा हो गया और कहा कि तुम अपने काम से काम रखो। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हो गया। पहले चालक ने धमकी दी कि यदि तुझे दबा दूंगा पोकलेन से, कोई बचाने नहीं आएगा। इसके बाद चालक ने पंजा इंजीनियर की तरफ घुमाया। उसकी टक्कर से इंजीनियर नीचे गिर पड़े। फिर चालक ने पंजे से उन्हें दबाने की कोशिश की, लेकिन वे फुर्ती से उठे और जान बचाकर भागे। इसके बाद उन्होंने पुलिस को फोन लगाकर अपने ऊपर हुए हमले की सूचना दी। आशुतोष ने बताया कि वे कुछ देर वहां खड़े रहे, लेकिन पुलिसकर्मी नहीं आए। इसके बाद वे लौट गए। उन्होंने कहा कि इस तरह के गुस्सैल चालकों के खिलाफ एक्शन लिया जाना चाहिए, ताकि वे दूसरों के लिए परेशानी की वजह न बनें।

# निर्माण कार्यों की समयबद्धता और गुणवत्ता पर रखा जाए विशेष ध्यान: कलेक्टर श्री वर्मा

## कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्माण एजेंसियों की ली समीक्षा बैठक

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन एवं विकास उन्मुख दृष्टिकोण के अनुरूप इंदौर जिले में संचालित विभिन्न अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में तथा उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में निर्माण एजेंसियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, बाधाओं एवं समाधान संबंधी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।**



बैठक कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियों, ओव्हर ब्रिज, शहरी एवं ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों सहित अन्य विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सीधे आम नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ी होती है, इसलिए प्रत्येक एजेंसी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम रोशन राय, अपर आयुक्त नगर निगम आकाश सिंह सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले की सभी वृहद विकास परियोजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। जिन परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की बाधा सामने आती है जैसे भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण, तकनीकी स्वीकृति, डिजाइन संबंधी समस्याएं या अन्य प्रशासनिक अड़चनें उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि विकास कार्यों की गति बाधित न हो।

बैठक के दौरान जिले के कुछ स्थानों पर अतिक्रमण एवं भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं के संबंध में कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व, नगर निगम एवं संबंधित विभागों के समन्वय से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संबंधित प्रकरणों में विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा के दौरान ग्रीन फील्ड परियोजना से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस संबंध में संबंधित एजेंसियों द्वारा जानकारी दी गई कि प्रारंभिक प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद अब कार्यों में तेजी आने की संभावना है। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देशित किया कि परियोजना से जुड़े सभी कार्य चरणबद्ध रूप से तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।

कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी निर्देश दिए कि सभी निर्माण एजेंसियां कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें। आम नागरिकों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुरक्षा संकेतक, बैरिकेडिंग, लाइटिंग एवं अन्य सुरक्षा उपाय अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्यों की नियमित फील्ड मॉनिटरिंग की जाए तथा कार्यों की प्रगति की वास्तविक समय पर समीक्षा की जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए तथा जहां आवश्यक हो वहां उच्च स्तर पर समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान किया जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले में संचालित सभी विकास कार्य तेज गति से पूर्ण हों, गुणवत्तापूर्ण हों तथा नागरिकों को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों पर समान रूप से फोकस रखना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं परियोजनाओं से जुड़े तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

## मालवा जर्नलिस्ट फोरम का मिलन समारोह सम्पन्न



**इंदौर। बॉर्डर पर सैनिक जिस तरह देश की रक्षा करते हैं उसी तरह समाज में रहकर समाज की रक्षा के लिए पत्रकार हमेशा सजग रहकर सच्चाई को उजागर करने का काम करता है। अगर पत्रकार सो गया तो देश सो जाएगा। इसलिए पत्रकार हर पल की खबर जनता के सामने रखता है। लोकतंत्र के लिए पत्रकार का सजग रहना बेहद जरूरी है।**

यह बात महंत मंगलदास महाराज खाकी ने मालवा जर्नलिस्ट फोरम के मिलन समारोह बतौर अतिथि व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन श्री पंचमुखी हनुमान मन्दिर, नावघाट, बड़वाह में आयोजित किया गया था। संस्था की जानकारी सचिव प्रवीण जोशी दी। मालवा जर्नलिस्ट फोरम की ओर से अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह थनवार, सरिता शर्मा, राजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला ने महंत खाकी महाराज का शाल - श्रीफल और मोतियों की माला से अभिनंदन किया गया। सरिता शर्मा ने खाकी महाराज को महिला दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित भी किया। कार्यक्रम में डॉ. कमल हेतावल, राजेंद्र सचदेव, कमलेश श्रीवास्तव, कल्याण सिंह चांदना, दिनेश देशमुख, विजय सालविया, डॉ. ममता शुक्ला, शुभम अग्रवाल, रवि, दिलीप सोलंकी, श्रीराम कर्मा, संजय जोशी, चंद्रकांत मरमट विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण जोशी ने किया। आभार माना कमल हेतावल ने।

### खेल के दौरान विवाद में दोस्त को धक्का दिया

## नाबालिग की कुएं में गिरने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना पुलिस ने एक नाबालिग की मौत के मामले में उसके दो नाबालिग दोस्तों के खिलाफ धमकाने, मारपीट और गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि खेल के दौरान विवाद होने पर दोस्तों ने उसे धक्का दिया, जिससे वह कुएं में गिर गया। पूछताछ में आरोपियों ने पूरी घटना कबूल की।**

टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक, पटेल नगर निवासी समीर राठौर का शव 6 फरवरी को पुष्प विहार कॉलोनी स्थित एक कुएं में मिला था। परिजनों ने बताया था कि वह दोस्तों के साथ खेलने गया था। शुरुआती पूछताछ में दोनों नाबालिग साथ होने से इनकार करते रहे, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर सच सामने आ गया। आरोपियों ने बताया कि घटना वाले दिन कहासुनी के दौरान उन्होंने समीर को अपशब्द कहे और धक्का दे दिया, जिससे वह गहरे कुएं में गिर गया। डर के कारण दोनों उसे वहीं छोड़कर घर चले गए और किसी को जानकारी नहीं दी। रात में परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचे थे। अगले दिन समीर का शव कुएं से बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को हिरासत में ले लिया है।

## कॉलेज के पास दो तस्कर गिरफ्तार 10.46 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को SGSITS कॉलेज के पास से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 10.46 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक इलाके में ब्राउन शुगर की सप्लाई करने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर मंगलवार को क्राइम ब्रांच की टीम SGSITS कॉलेज के पास सार्वजनिक शौचालय के सामने पहुंची। यहां दो युवक संदिग्ध अवस्था में नजर आए। पुलिस टीम को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 10.46 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सौरभ सोनकर निवासी पालदा और गौरव मालवीय निवासी पालदा बताया। केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि सौरभ हम्माली करता है और 11वीं तक पढ़ा हुआ है, वहीं गौरव गाड़ी चलाता है और ग्रेजुएट है। दोनों ज्यादा पैसा कमाने की लालच में ब्राउन शुगर की सप्लाई कर रहे थे। उनसे पूछताछ कर जानकारी निकाली जा रही है कि वे ब्राउन शुगर कहां से लाए और किन-किन लोगों को सप्लाई करते थे।

## अग्निवीर महिला सेना भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अग्निवीर महिला सेना भर्ती वर्ष 2025-26 की प्रक्रिया के अंतर्गत भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउंड, जिंझहारी, कटनी (मध्य प्रदेश) में किया जाएगा। इस भर्ती रैली में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य की वे महिला उम्मीदवार भाग ले सकेंगी, जिन्होंने अग्निवीर ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। पात्र अभ्यर्थियों को रैली प्रवेश पत्र उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर प्रेषित कर दिए गए हैं। साथ ही प्रवेश पत्र इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर भी उपलब्ध हैं। सेना भर्ती रैली में शामिल होने वाले उम्मीदवार प्रवेश पत्र में उल्लिखित तिथि एवं समयानुसार उपस्थित हों। उम्मीदवार अपने साथ सभी मूल दस्तावेज एवं उनकी आवश्यक प्रतियां तथा 30 नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से लेकर आएं। निर्धारित समय पर उपस्थित न होने अथवा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया से वंचित किया जा सकता है।

## 3.62 करोड़ की धोखाधड़ी में दो गिरफ्तार

**इंदौर।** अपराध शाखा ने फर्जी दस्तावेज बनाकर कॉलोनी का सौदा करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों पर 3 करोड़ 62 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। इस मामले में महिला सहित चार अन्य को नामजद आरोपित बनाया गया है। एडिशनल डीसीपी(अपराध) राजेश दंडोतिया के अनुसार विशालसिंह की शिकायत पर आरोपित चंदन पुत्र प्रभुलाल, मेहरबानसिंह पुत्र प्रभुलाल, कृष्णाबाई पति दशरथ और प्रवीण पुत्र पूनमचंद, प्रवीण सिसोदिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपितों ने विशाल से भूमि का 3 करोड़ 62 लाख में सौदा किया था। आरोपितों द्वारा यह

विधानसभा होगी डिजिटल

# विधायकों की मेज पर दिखेंगे टैबलेट देख सकेंगे बजट से जुड़े दस्तावेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश विधानसभा के कामकाज को डिजिटल बनाने की दिशा में सरकार एक नया कदम उठाए जा रही है। अब बजट सत्र से विधायकों की मेज पर टैबलेट रखे जाएंगे। यह व्यवस्था राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन के तहत अपनाई जा रही है। शुरुआत में विधायकों को टैबलेट के जरिए बजट से जुड़े दस्तावेज देखने की सुविधा मिलेगी। हालांकि, टैबलेट का पूरा उपयोग बाद के सत्रों में किया जाएगा, क्योंकि अधिकांश विधायकों को इसके इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है।**



अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक विधायकों की मेज पर टैबलेट लगाने के लिए बिजली कनेक्शन का काम पूरा हो चुका है और बजट सत्र से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। बता दें, कि देश के कई राज्यों में पहले ही यह व्यवस्था लागू हो चुकी है। डिजिटल व्यवस्था का उद्देश्य विधानसभा को पेपरलेस बनाना है जिससे कागज की खपत कम होगी और विधानसभा का कामकाज तेज, आसान और पर्यावरण के अनुकूल बनेगा. विधानसभा अधिकारियों के अनुसार बजट सत्र के बाद विधायकों को टैबलेट चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके बाद से विधानसभा के कामकाज में टैबलेट का व्यापक उपयोग किया जाएगा। टैबलेट में अधिकतर सामग्री हिंदी भाषा में होगी, हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद की सुविधा मिलेगी। सवालों और कार्यसूची को खोजने का विकल्प होगा। साथ ही माइक्रोफोन की मदद से बोलकर सर्च किया जा सकेगा। पासवर्ड से कहीं से भी नोवा सॉफ्टवेयर एक्सेस किया जा सकेगा।

● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नमो वन में लगाया रुद्राक्ष का पौधा

## पं. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता और समर्थ भारत निर्माण के चिंतक थे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जब विश्व में सभी ओर साम्यवाद और समाजवाद की विचारधाराओं का प्रभाव था, तब पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद और अंत्योदय की कल्याणकारी दृष्टि प्रदान की। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को निरंतरता प्रदान करने का प्रभावी प्रयास था। पं. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता तथा समर्थ भारत निर्माण के चिंतक थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक, संगठनकर्ता और भारतीय जनसंघ के सह संस्थापक रहे। दीनदयाल जी का विचार था कि स्वतंत्रता तभी सार्थक होती है, जब वो हमारी संस्कृति की अभिव्यक्ति का साधन बने। उनके विचारों ने समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में उजास लाने का मार्ग प्रशस्त किया। दीनदयाल जी के विचार भारतीय मानस को सशक्त राष्ट्र और समाज के निर्माण के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. दीनदायल उपाध्याय की प्रतिमा के निकट विकसित नमो वन का अवलोकन कर रुद्राक्ष का पौधा रोपा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गरीब-किसान-युवा और महिलाओं कल्याण के साथ सभी को प्रगति के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर सक्रिय है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में देश का प्रभाव निरंतर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर केश शिल्पियों को उपलब्ध कराई जा रही किट उनके अंत्योदय के विचारों को व्यावहारिक रूप देने का सार्थक प्रयास है। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय सहित रविन्द्र यति जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

8 देश के राजदूत और 12 देशों के एनआरआई देंगे आशीर्वाद

# 15 फरवरी को बागेश्वर धाम में 300 कन्याओं का होगा विवाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी। मध्यप्रदेश के छतरपुर में स्थित विश्वप्रसिद्ध बागेश्वर धाम में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन इस बार हर बार से अलग होने जा रहा है, पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन 13 से 15 फरवरी तक होगा, उन्होंने आयोजन में शामिल होने के लिए बुंदेली में आमंत्रण दिया है।**



पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस बार का कन्या विवाह भव्य और दिव्य होगा, पहली बार तीन दिवसीय आयोजन हो रहा है इसमें 13 फरवरी को हल्दी और मंडप की रस्में होंगी, 14 फरवरी को संगीत और मेहँदी होगी और 15 फरवरी को 300 कन्याओं का पाणिग्रहण संस्कार होगा यानि शादियाँ होंगी , उन्होंने बताया इस बार नेपाल की बेटी की भी शादी होगी इसलिए ये अंतरराष्ट्रीय आयोजन भी है। धीरेंद्र शास्त्री ने बताया कन्याओं को शादी में घर गृहस्थी का पूरा सामान दिया जायेगा इसके अलावा प्रत्येक कन्या को 30,000 रुपये की एफडी भी दी जाएगी, जिससे वो संकट के समय इसका अपने लिए उपयोग कर सकें, उन्होंने बताया कि समारोह में 8 देश के राजदूत और 12 देशों के एनआरआई भी आएंगे जो बेटियों को आशीर्वाद देंगे , पाणिग्रहण वाले दिन जगद्गुरु रामभद्राचार्य के भी आने का कार्यक्रम हैं वे भी वर वधु को आशीर्वाद देंगे। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा ये पूरा आयोजन बागेश्वर धाम की दान पेटियों में आये दान और हमें जो कथाओं से मिलता है उस पैसे से किया जा रहा है उन्होंने सम्पन्न लोगों से अपील की कि वे भी अपने धन से उन हिंदू कन्याओं की मदद करें शादी कराएं जिनके माता पिता नहीं हैं या वे निर्धन है। उन्होंने कहा कि गरीब कन्या को भी अमीरों की तरह शादी करने का अधिकार है इसलिए हम उनके लिए ये भव्य आयोजन कर रहे हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने बताया विवाह योग्य कन्याओं को एक सर्वे के माध्यम से चुना गया है , करीब 40 लोगों की टीम ने 30 हजार किलोमीटर की यात्रा कर इनका चयन किया है। इसमें 12 राज्यों से 300 बेटियों को छांटा गया इसमें ऐसी कन्या हैं जिनके माता पिता नहीं हैं कुछ के पिता नहीं हैं कुछ की माता नहीं हैं कुछ दिव्यांग हैं कुछ निर्धन हैं सभी एक ही छत के नीचे विवाह सूत्र में बंधेगी, धीरेन्द्र शास्त्री ने विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बुंदेली में लोगों को आमंत्रित किया है।

# कार तेज गति से टकराई, ट्रैक्टर दो टुकड़े में बंटा, कोई जनहानि नहीं हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। महिदपुर में हुई एक घटना किसी चमत्कार से कम नहीं है। घटना का लाइव VIDEO भी सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार एक कार ने ट्रैक्टर को ऐसी टक्कर मारी कि ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए, लेकिन उसमें मौजूद दो लोग सुरक्षित ट्रैक्टर से बाहर निकलते हुए नजर आ रहे हैं।**



जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर उज्जैन से 60 किमी दूर महिद्पुर के में करीब 11:43 बजे काजीखेड़ी स्थित पेट्रोल पंप के सामने ट्रैक्टर और एसयूवी कार की आमने-सामने की जोरदार भिडंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर दो टुकड़ों में बंट गया और उसका अगला हिस्सा पूरी तरह अलग हो गया। वहीं कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक के हाथ-पैर में चोट आई है।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल चालक को इलाज के लिए उज्जैन ले जाया गया। वहीं हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

## संपादकीय

# कॉमन करेंसी नहीं, राष्ट्रीय मुद्रा पर जोर ब्रिक्स का संदेश

ब्रिक्स को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जो सबसे बड़ी आशंका थी, वह दूर हो सकती है। ब्रिक्स के एक महत्वपूर्ण देश रूस के शेरपा और ब्लादिमीर पुतिन के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने साफ किया है कि ब्रिक्स देशों का अपना कोई कॉमन करेंसी बनाने का एजेंडा नहीं है। ट्रंप के रवैए से लग रहा था कि वह इससे आशंकित हैं कि अगर ब्रिक्स ने भी यूरोपियन यूनियन की यूरो की तरह कुछ कॉमन करेंसी बना ली तो अमेरिकी डॉलर का जो अभी रुतबा है वह नहीं रह पाएगा। ब्रिक्स की प्रेसीडेंसी अभी भारत के पास है। 9 से 11 फरवरी तक दिल्ली में ब्रिक्स देशों के शेरपाओं की बैठक हुई, जिसमें अध्यक्षता के नाते देश का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किया। इस दौरान ब्रिक्स में रूस के शेरपा और रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कॉमन करेंसी को लेकर हमारे सहयोगी अखबार ET से कहा, 'मैं पूरी तरह से स्पष्ट कर दूं कि हम कोई भी एक कॉमन करेंसी स्थापित करने की बात नहीं कर रहे हैं।' उन्होंने आगे बताया कि 'हमें अपनी राष्ट्रीय करेंसियों के इस्तेमाल को आगे और विस्तार देने की जरूरत है।....यह किसी तरह से डॉलर को कमजोर करने का प्रयास नहीं है।' 'राष्ट्रपति पुतिन ने कई बार कहा है कि अगर रूस को डॉलर के इस्तेमाल से वंचित नहीं रखा जाता, तो हमारे पास अभी भी डॉलर होते।' इसी वजह से उन्होंने राष्ट्रीय करेंसियों को पाबंदियों और दंडात्मक कार्रवाइयों से सुरक्षित रखने की भी वकालत की है। इस समय रूस विशेष रूप से यूक्रेन युद्ध की वजह से बहुत सारी पाबंदियां झेल रहा है। दुनिया के बड़े-बड़े बैंक इससे कट चुके हैं। रूसी शेरपा के मुताबिक 'ब्रिक्स पश्चिम-विरोधी गठबंधन नहीं है।' यह अंतरराष्ट्रीय संगठन अपनी राष्ट्रीय करेंसियों का इस्तेमाल सदस्य देशों के बीच आपसी चीजों के निपटारे, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर करना चाहते हैं। दरअसल, जुलाई 2025 में रियो डी जनेरियो में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ही सदस्य देशों ने ब्रिक्स पेमेंट टास्क फोर्स बनाकर क्रॉस बॉर्डर पेमेंट सिस्टम पर चर्चा को आगे बढ़ाया था। इस सिस्टम का मकसद ही ये है कि अंतरराष्ट्रीय लेन-देने के लिए अमेरिकी डॉलर पर से निर्भरता को खत्म करना। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगा कि यह उनके डॉलर के खिलाफ साजिश हो रही है। ट्रंप को हमेशा से लगा है कि ब्रिक्स का मजबूत होना उनके 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के लिए चुनौती साबित हो सकता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन इस साल भारत में हो रहा है। उसी की तैयारियों को लेकर पहले शेरपाओं की मुलाकात हुई है। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और साऊथ अफ्रीका ब्रिक्स (BRICS) के फाउंडर मेंबर हैं। इसके बाद इसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात,ईरान, इंडोनेशिया, मिस्र और इथियोपिया शामिल हुए। ये सारे ब्रिक्स के पूर्णकालिक सदस्य हैं। जनवरी 2025 से बेलारूस, बोलीविया, कजाकिस्तान, क्यूबा, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा और उज्बेकिस्तान पार्टनर देश के तौर पर इसका हिस्सा हैं।

## धर्म-कर्म

# महाशिवरात्रि पर करें यह विशेष उपाय, दूर होगा प्रतिकूल ग्रहदशा का नकारात्मक प्रभाव

शिवरात्रि पर शिवजी का पूजन-अर्चन, व्रत से अनिष्ट ग्रहों की शांति सहज ही सरल रूप में होती है। जन्मकुण्डली में अगर कालसर्पदोष विद्यमान हो, अथवा राहु-केतु की महादशा अथवा अन्तर्दशा पीड़ा दे रही हो, या फिर शनि की साढ़ेसाती अथवा ढैय्या कष्टकारी हो तो महाशिवरात्रि के दिन शिवजी का पूजन, व्रत विशेष राहत दिलाता है। शिवजी की पूजा सौभाग्य में वृद्धि, विवाह, संतान प्राप्ति, धन प्राप्ति आदि अनेक प्रयोजन से की जाती है।



### मनचाहा वर प्राप्त करने का उपाय

धन प्राप्ति के लिए शिव ताण्डव स्तोत्र का पाठ शिवरात्रि के दिन अवश्य करना चाहिए। शिवरात्रि के दिन शिव-पार्वती की पूजा करने से विवाह योग्य कन्याओं को मनचाहा वर प्राप्त होता है। शिवरात्रि के दिन व्रत रखकर महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने से उस घर-परिवार में कोई अकाल मृत्यु नहीं होती तथा घर के सभी सदस्य स्वस्थ रहते हैं। शिवरात्रि से बड़ा कोई परमतत्व नहीं है, शिवरात्रि व्रत एवं शिव पूजन के प्रभाव से असम्भव भी सम्भव हो जाते हैं, तथा मनुष्य पृथ्वी के समस्त सुखों को प्राप्त करता हुआ अन्त में मोक्ष को प्राप्त कर लेता है।

शिवरात्रि के दिन शिव जी का अभिषेक जिसे रूद्राभिषेक कहा जाता है, कराना बेहद कारगर सिद्ध होता है। रूद्राभिषेक विभिन्न कामनाओं के लिए रामबाण उपाय है। जो भक्त अनिष्ट ग्रह दशाओं के कारण कष्ट में हों और उन्हें अपनी ग्रहदशा की जानकारी न हो, वे मात्र शिवजी पर नाग-नागिन का एक चांदी का जोड़ा शिवरात्रि के दिन चढ़ा दें तो भगवान शिव की कृपा से उनके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

### महाशिवरात्रि पूजन विधान

शिवरात्रि में चार बार पूजन का चार प्रहर में विधान आता है और चार बार रुद्राभिषेक भी सम्पन्न करना चाहिए, प्रथम प्रहर में दुग्ध द्वारा शिव के ईशान स्वरूप को, द्वितीय प्रहर में दधि द्वारा अघोर स्वरूप को, तृतीय प्रहर में घृत द्वारा वामदेव रूप को तथा चतुर्थ प्रहर में मधु द्वारा सद्योजात स्वरूप को अभिषेक कर पूजन करना चाहिए। यदि साधक चार बार पूजन न भी कर सके तो प्रथम प्रहर में एक बार तो पूजन अवश्य ही करे। महाशिवरात्रि की रात्रि महा सिद्धिदायिनी होती है। इस समय में किए गए दान पुण्य, शिवलिंग की पूजा, स्थापना का विशेष फल प्राप्त होता है।

# महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर भूलकर भी न चढ़ाएं ये 5 चीजें, जानें क्या है मान्यता

महाशिवरात्रि का हिंदू धर्म में खास महत्व होता है। इस दिन शिव भक्त भोलेनाथ की विधिपूर्वक पूजा और व्रत करते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से जातक की मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती हैं। महाशिवरात्रि पर शिवजी को प्रसन्न करने के लिए भक्त उन्हें कई प्रकार के फल, पुष्प आदि अर्पित करते हैं। लेकिन ज्योतिषशास्त्र के अनुसार भोलेनाथ को भूलकर भी कुछ चीजें अर्पित नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने से प्रतिकूल प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आइए विस्तार से जानते हैं की महाशिवरात्रि पर शिवजी को क्या नहीं चढ़ाना चाहिए और इनकी क्या मान्यता है।



### ● तुलसी के पत्ते न करें अर्पित

पूजा-पाठ में तुलसी के पत्ते प्रयोग करना हिंदू धर्म में बहुत शुभ और पवित्र माना गया है। लेकिन मान्यता है कि भूलकर भी तुलसी के पत्ते शिवलिंग पर अर्पित नहीं करने चाहिए। इसे लेकर एक पौराणिक कथा है कि भगवान शिव ने तुलसी जी के पति असुर जालंधर का वध किया था। इससे क्रोधित होकर तुलसी ने शिवजी की पूजा से खुद को दूर कर दिया। यही कारण है कि महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर तुलसी के पत्ते नहीं चढ़ाए जाते हैं।

### ● शिवलिंग पर कुमकुम न चढ़ाएं

सिंदूर और कुमकुम को स्त्री तत्व माना गया है। इन्हें श्रृंगार के लिए प्रयोग किया जाता है। वहीं, शिवजी को वैरागी यानी सांसारिक मोह माया से दूर माना गया है। यही कारण है कि शिवलिंग पर सिंदूर अर्पित करना वर्जित माना जाता है। सिंदूर, रोली व कुमकुम की बजाए आप भोलेनाथ की पूजा में भस्म, चंदन आदि का प्रयोग कर सकते हैं। इससे जातक को भगवान शिव की कृपा प्राप्त हो सकती है और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रह सकती है।

### ● शिवजी को हल्दी चढ़ाना है वर्जित

सिंदूर व कुमकुम के प्रकार ही हल्दी को भी स्त्रियों से संबंधित माना गया है। कई धार्मिक कार्यों और पूजा-पाठ में इसका प्रयोग किया जाता है। लेकिन शिवजी की पूजा में इसे शामिल करना वर्जित माना गया है। इसका यही कारण है कि हल्दी स्त्री तत्व है और शिवलिंग को पुरुष तत्व कहा गया है। ऐसे में शिवरात्रि के दिन भूलकर भी शिवलिंग पर हल्दी अर्पित नहीं करनी चाहिए।

### ● शंख का गलती से भी न करें प्रयोग

मंदिर पूजा के बाद शंख बजते हुए आपने अवश्य देखा होगा। लेकिन कभी भी शिवजी की पूजा अर्चना के लिए शंख का प्रयोग नहीं किया जाता है। इसे लेकर एक पौराणिक कथा है कि एक बार सभी देवी-देवता दैत्य शंखचूड से बहुत परेशान थे। तब शिवजी ने त्रिशूल से उस दैत्य का वध कर दिया था। ऐसा करने से उसका शरीर भस्म हो गया और उससे शंख की उत्पत्ति हुई। यही कारण है कि भगवान शिव की पूजा में शंख प्रयोग नहीं किया जाता है। ऐसे में शिवरात्रि पर गलती से भी पूजा में शिवलिंग का इस्तेमाल न करें।

### ● भोलेनाथ को भूलकर भी न चढ़ाएं ये फूल

महाशिवरात्रि पर भगवान शिव बेलपत्र, धतूरा, भांग आदि अर्पित करना बहुत शुभ माना जाता है। इससे शिवजी की कृपा भक्तों पर बनी रहती है। लेकिन मान्यता है कि कुछ फूल शिवलिंग पर भूलकर भी नहीं चढ़ाने चाहिए। पौराणिक कथा के अनुसार, ब्रह्मदेव के असत्य में उनका साथ देने के कारण शिवजी ने केतकी को श्राप दिया था। तभी से शिवजी पर केतकी के फूल चढ़ाना वर्जित माना जाता है। साथ ही, उन्हें कनेर या लाल रंग के फूल भी नहीं चढ़ाने चाहिए।

New Delhi

# भारत बंद आज, किसान संघ और ट्रेड यूनियन किस बात के विरोध में

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नए श्रम कानूनों, आर्थिक नीतियों और भारत और अमेरिका की ट्रेड डील के विरोध में गुरुवार को भारत बंद का आह्वान किया गया है। 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के जॉइंट प्लेटफॉर्म ने अलग-अलग किसान संगठनों के समर्थन से बंद का आह्वान किया है। राज्य स्तर पर कुछ राजनीतिक दलों ने भी बंद को समर्थन दिया है। विस्तार से जानते हैं कि इस दौरान क्या खुला और क्या बंद रहेगा। संयुक्त मंच में INTUC, AITUC, HMS, CITU, AIUTUC, TUCC, SEWA, AICCTU, LPF और UTUC शामिल हैं। ANI से बात करते हुए, SKM के संयोजक हन्नान मोल्लाह ने इस समझौते पर असहमति जताई और कहा कि इसके भारतीय किसानों पर बुरे परिणाम होंगे। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर अमेरिका की चालाकी के आगे घुटने टेकने का आरोप लगाया।




**क्या खुला रहेगा- आपातकालीन सेवाएं:** अस्पताल और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित इमरजेंसी सेवाएं सामान्य रूप से चलने की उम्मीद है। **एम्बुलेंस सेवाएं:** चिकित्सा आपात स्थिति में सहायता के लिए एम्बुलेंस बिना किसी बाधा के चलने की संभावना है। **हवाई और रेल सेवाएं:** उड़ानें और ट्रेनें चलने की उम्मीद है, लेकिन यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे ट्रैफिक या स्थानीय विरोध के कारण होने वाली संभावित देरी के लिए एयरलाइन या IRCTC ऐप चेक करते रहें। **दवा की दुकानें:** मेडिकल स्टोर्स और फार्मेसी खुले रहने की संभावना है। **जरूरी आपूर्ति:** दूध और अखबार की सप्लाई जैसी जरूरी सेवाएं जारी रहेंगी। **बैंकिंग (सीमित):** हालांकि बैंक यूनियन हड़ताल पर हैं, लेकिन नेट बैंकिंग और एटीएम (ATM) सेवाएं चालू रहने की उम्मीद है।

**क्या रहेगा बंद-** केरल, कर्नाटक और ओडिशा सहित कुछ राज्यों में स्कूल और कॉलेज बंद रह सकते हैं, यदि स्थानीय संगठन इस बंद को अपना समर्थन देते हैं। उन इलाकों में बाजार और स्थानीय दुकानें आंशिक या पूरी तरह से बंद रह सकती हैं, जहां हड़ताल का व्यापक असर दिखेगा।

Uttarpradesh

● कानपुर लैंबॉर्गिनी केस में पुलिस का बड़ा एक्शन...

## आरोपी शिवम मिश्रा गिरफ्तार



**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर के चर्चित लैंबॉर्गिनी हादसे को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है. इस हाई-प्रोफाइल मामले में आरोपी शिवम मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. शिवम मिश्रा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीमें लगी हुई थीं. अब पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया है. बता दें कि ग्वालटोली क्षेत्र की वीआईपी रोड पर हुई दुर्घटना के बाद से मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ था. करीब 12 करोड़ की कार से टक्कर लगने से कई लोग घायल हुए थे.

रविवार को कानपुर के पॉश ग्वालटोली इलाके की वीआईपी रोड पर ये हादसा हुआ था. करीब 12 करोड़ रुपये कीमत वाली लैंबॉर्गिनी सुपरकार अचानक बेकाबू हो गई. तेज रफ्तार कार ने पहले एक ई-रिक्शा को टक्कर मारी, फिर एक बाइक सवार और एक राहगीर को चपेट में ले लिया. इसके बाद कार सड़क किनारे लगे खंभे से जा टकराई. हादसे में कई लोग घायल हुए थे, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया था.यह मामला इसलिए भी चर्चा में आया, क्योंकि दुर्घटना में शामिल लग्जरी कार शहर के बड़े कारोबारी घराने बंशीधर टोबैको ग्रुप से जुड़ी है. इसमें बिजनेस टायकून केके मिश्रा का बेटा शिवम मिश्रा सवार था. पुलिस का दावा रहा कि कार केके मिश्रा का बेटा और ग्रुप से संबद्ध कंपनी का डायरेक्टर शिवम मिश्रा चला रहा था.

Maharashtra

मुंबई के भायखला में बड़ा हादसा

## 18 मंजिला इमारत की गिरी लिफ्ट, पांच लोग घायल, इलाज जारी

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई के मध्य क्षेत्र भायखला में बुधवार रात एक 18 मंजिला रिहायशी इमारत में लिफ्ट गिरने से कम से कम पांच लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा रात करीब 10 बजे घोडापदेव क्रॉस लेन नंबर 1 स्थित जय कृपा टॉवर में हुआ। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि केबल फेल होने के कारण लिफ्ट चौथी मंजिल से नीचे गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, बेस्ट कर्मी, एंबुलेंस और स्थानीय वार्ड स्टाफ मौके पर पहुंच गए और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों में से तीन को राज्य संचालित जेजे अस्पताल, एक को बालाजी अस्पताल और एक अन्य को जसलोक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, सभी घायलों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

Uttarakhand

## देहरादून में शहीद के बेटे को गोलियों से भूनने वालों का पुलिस एनकाउंटर 24 घंटे के भीतर ऐक्शन

**देहरादून, (एजेंसी) राजधानी देहरादून के तिब्बती मार्केट में शहीद कर्नल आरसी शर्मा के पुत्र और गैस एजेंसी संचालक अर्जुन शर्मा की हत्या के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। दोनों आरोपी पुलिस संग मुठभेड़ में घायल हुए हैं। शहर में चल रही सघन नाकेबंदी और तलाशी अभियान के दौरान यह कार्रवाई दो अलग-अलग स्थानों पर हुई।**

पुलिस के अनुसार, पहली मुठभेड़ रायपुर थाना क्षेत्र के लाडपुर जंगल में हुई, जहां संदिग्धों ने घेराबंदी के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे मौके से पकड़ लिया गया। इसके बाद मिली सूचना के आधार पर दूसरी कार्रवाई लालतप्पड़ क्षेत्र की एक खंडहर पड़ी फैक्ट्री में की गई। यहां भी पुलिस टीम पर फायरिंग की गई, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में दूसरे आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने अस्पताल पहुंचकर आरोपियों की स्थिति और पूरी कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से तमंचे और वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई है।

खेल

# नामीबिया के खिलाफ मैच खेलेंगे अभिषेक शर्मा?

तिलक वर्मा ने दिया स्वास्थ्य पर बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली। टी20 विश्व कप में भारत और नामीबिया के बीच गुरुवार को खेले जाने वाले मुकाबले से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लग सकता है। विस्फोटक ओपनर अभिषेक शर्मा पेट के संक्रमण के कारण दो दिन तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद अब डिस्चार्ज हो गए हैं, लेकिन उनका नामीबिया के खिलाफ खेलना अभी भी तय नहीं है।**

### तिलक ने दिया अभिषेक के स्वास्थ्य पर बड़ा अपडेट

मैच से पहले आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अभिषेक की सेहत पर अपडेट देते हुए कहा, 'अभिषेक आज अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए हैं। कल के मैच में उनके खेलने पर अभी फैसला नहीं लिया गया है। हमारे पास अभी थोड़ा समय है।' अभिषेक शर्मा टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में अमेरिका के खिलाफ शून्य पर आउट हो गए थे। इसके बाद फील्डिंग के दौरान उनकी जगह संजू सैमसन को उतारा गया। जानकारी के मुताबिक, उस मैच के दौरान ही अभिषेक अस्वस्थ थे और दिल्ली पहुंचने के बाद उनकी तबीयत और बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।



### संजू सैमसन को मिलेगा मौका?

इस बीच संजू सैमसन ने मंगलवार को नेट्स में बल्लेबाजी अभ्यास किया और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक के साथ लंबा समय बिताया। इससे संकेत मिलते हैं कि टीम मैनेजमेंट ने अभिषेक की अनुपस्थिति की स्थिति में विकल्प तैयार रखे हैं। हालांकि, टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि अभिषेक शर्मा रविवार तक पूरी तरह फिट होकर मैदान पर वापसी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि वह रविवार को मुख्य कोच गौतम गंभीर के घर आयोजित डिनर में भी शामिल हुए थे, हालांकि वह बाकी खिलाड़ियों से पहले वहां से निकल गए।

सिनेमा

## राजपाल यादव 27+ साल से कर रहे फिल्मों में अच्छी कमाई फिर 9 करोड़ के लिए क्यों जाना पड़ा जेल?



राजपाल यादव के जेल जाने की खबर चर्चा में है। उनके रिहा होने की तैयारी लगभग पूरी है। चेक बाउंस केस में सरंडर करने के साथ उन्होंने कहा कि उनके पास पैसे नहीं हैं। उनका इमोशनल मैसेज सुनते ही इंडस्ट्री के कई लोग राजपाल की मदद के लिए भी आगे आए। अब कई लोगों के मन में सवाल है कि राजपाल यादव काफी लंबे समय से फिल्मों में काम कर रहे हैं। उनकी लास्ट मूवी ओटीटी रिलीज 'इंटेरोगेशन' थी, जो जी5 पर रिलीज हुई। इससे पहले वह बेबी जॉन में थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके आखिरी 5 प्रोजेक्ट्स की फीस 7-8 करोड़ थी। डालते हैं उनके करियर और सोशल मीडिया पर चल रही बज पर एक नजर। राजपाल यादव ने डीडी नैशनल टीवी के शो से एक्टिंग की शुरुआत की थी। वह मुंगेरी लाल के हसीन सपने के सीक्वल मुंगेरी के भाई नौरंगीलाला में थे। उन्हें पहली फिल्म में मौका 1999 में मिला। मूवी का नाम था शूल जिसमें राजपाल कुली बने थे। इसी साल दिल क्या करे, मस्त जैसी फिल्मों में उन्हें वॉचमैन, प्योन जैसे रोल मिले। इसके बाद जंगल, प्यार तूने क्या किया, चांदनी बार जैसी फिल्में कीं। तब से हर साल उनके खाते में 7-8 फिल्में रही हैं। राजपाल ओटीटी फिल्में, इवेंट्स और ऐड्स भी करते हैं।

## Highlights

1. Gujarat student arrested for assaulting woman invigilator
2. Images of Gandhi and Ambedkar seen in scam centre in Cambodia
3. ED summons former Punjab CM Amarinder Singh and his son
4. Court rejects surrender plea of man who claimed he was driving Lamborghini that crashed in UP
5. Let's do it together: Rahul as he interrupts BJP leaders' press briefing

# Hexaware unveils new Agentic AI tool in hunt for organic growth

**NEW DELHI, (Agency).** Hexaware Technologies Ltd. has launched an Agentic AI tool that replaces SaaS with artificial intelligence to fix "execution problem" faced by clients, even as it grapples with its own growth pangs.

Zero License, developed by the Navi Mumbai-based IT firm, replaces bloated SaaS workflows with Agentic AI "in months, not years", according to a statement. It cuts software licence costs, eliminates manual coding and simplifies complex stacks by making AI the primary execution layer. Maintenance is faster, upgrades are easier.

"Most organisations don't have a tooling problem. They've an execution problem," Sanjay Salunkhe, president and global head - digital and software services at Hexaware, said in the statement. "Zero License helps enterprises move from software that organises work to AI that actually does the work."

Hexaware's pivot of sorts to Enterprise AI comes at a time when the company has shrunk, according to its latest quarterly results.



Revenue of the IT services firm fell 0.2% over the previous three months to ₹3,478.2 crore in the quarter ended 31 December 2025, despite the contribution from Cybersolve—the AI cybersecurity firm acquired in November last year. That underscored the underlying organic weakness, according to JM Financial.

Hexaware Q4 Results FY25 (Consolidated, QoQ)

Revenue down 0.2% at ₹3,478.2 crore

EBIT down 12.2% at ₹449.7 crore

EBIT margin down 178 bps at 12.9%

Net profit up 1.4% to ₹374.9 crore

One basis point is one-hundredth of a percentage point.

In constant currency terms, revenue fell 1.4% in the October-December period, largely due to adverse forex-related costs.

Still, the Hexaware Technologies management believes that underlying demand improved during the quarter, with better decision-making and strong dealmaking, but revenues were still lower due to seasonality and client-related factors. The October-December quarter is traditionally a weak one for Indian IT.

On Wednesday, Hexaware shares fell 2.49% to ₹571.95 apiece on the BSE even as the benchmark Sensex ended the day 0.05% lower at 84,233.64 points.

# India sticks to e-cigarette ban in snub for Philip Morris

**NEW DELHI, (Agency).** India has ruled out relaxation of a ban on e-cigarettes that would have allowed heat-not-burn tobacco products, dealing a blow to a lengthy private lobbying campaign by Philip Morris International for New Delhi to permit such devices.

India banned e-cigarettes, including heated tobacco products, in 2019. With more than 100 billion cigarettes sold annually, it is the seventh-largest cigarette market by volume, where tobacco kills more than a million people a year.

The world's most valuable tobacco firm, Philip Morris had hoped India could be a key market for its heated tobacco device,



IQOS, which the company says is less harmful to health than smoking.

"The government of India is not considering revoking, amending or relaxing this ban," the health ministry said in response to Reuters queries about the lobbying by Philip Morris. "India remains committed to evidence-based tobacco control and cessation measures," it said in a statement, adding that the law on e-cigarettes explicitly prohibits heat-not-burn devices, and that situation will stay. A Reuters review of confidential company letters from 2021 to 2025 shows the Marlboro-maker privately lobbied top Indian officials and a parliamentary panel to consider the science behind devices like IQOS, research it and exempt heat-not-burn products from the ban. Philip Morris executives also met many state government officials in Davos in January to discuss how the company can create long-term value in the tobacco sector, using products such as IQOS, photographs on LinkedIn show.

'जनता चौपाल' अभियान

# टू-व्हीलर पर बैठकर इलाके में घूमे महापौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की समस्याओं का त्वरित और मौके पर ही समाधान करने के उद्देश्य से महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सप्ताह में दो दिन जनता के बीच पहुंचकर 'संकल्प से समाधान जनता चौपाल' लगाने की शुरुआत कर दी है। बुधवार को वार्ड 74 में पहली चौपाल लगी। जिसमें लोगों ने अपनी समस्याएं बताईं। अधिकारियों को मौके पर ही इन समस्याओं के निराकरण के लिए कहा गया।**

महापौर पहले टू-व्हीलर पर सवार हुए और पूरे इलाके में घूमे। उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण कर छोटी-बड़ी समस्याओं की फेहरिस्त तैयार की। इसके बाद चौपाल लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'संकल्प से समाधान' शिविरों की व्यवस्था को आगे बढ़ाते हुए शुरू किया गया है। आज भाजपा के पितृपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि है। उनके "अंतिम व्यक्ति का उदय" के मंत्र को आधार बनाकर महापौर ने जनता से सीधे संवाद कर समस्याओं के त्वरित निराकरण का लक्ष्य रखा है।

बुधवार सुबह महापौर विधायक मधु वर्मा के साथ टू-व्हीलर पर सवार होकर वार्ड 74 के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र की कमियों, संभावित विकास कार्यों और स्थानीय समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान राह चलते लोगों से बातचीत कर उनकी शिकायतें भी सुनीं। इसके बाद मां अहिल्या उद्यान विष्णुपुरी और पिपल्यापाला गांव में जनता चौपाल लगाई गई, जहां महापौर ने अधिकारियों को मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दिए। चौपाल में पार्षद सुनीता हार्डिया, एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा 'बबलू', अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव और महापौर प्रतिनिधि भारत पारख भी मौजूद रहे। महापौर ने कहा कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि शहरवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। वार्ड 74 में लगी जनता की चौपाल में सुबह सैकड़ों लोग शामिल हुए। महापौर, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों ने लोगों से बात की।

● 27 लाख में 2 माह पहले किया था प्लाट का सौदा

## पुलिस चौकी के सामने युवती ने खाया जहर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा चौकी के सामने एक युवती ने बुधवार को जहर खा लिया। युवती तनीषा जगताप ने एक दिन पहले दो प्लाट के रुपए हडपने को लेकर भागीरथपुरा में लिखित शिकायत की थी। तनीषा को तुंरत पुलिस ने एमवाय उपचार के लिए भेजा है। यहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तनीषा ने मनीष धार गुडे के खिलाफ दो प्लाट के 27 लाख रुपए लेने को लेकर शिकायत की थी। उसने बताया था कि करीब दो माह पहले राधे के बगीचे में दो प्लाट का सौदा नकदी रुपए लेकर मनीष से किया था। जिसमें मनीष ने कब्जा और दस्तावेज दोनों नहीं दिए। हालांकि पुलिस ने बुधवार को मनीष को थाने बयान के लिए बुलाया था। इससे पहले तनीषा गुस्सा होकर बाहर आ गई ओर फिर जान देने की कोशिश की।

## अवैध नशे के कारोबार को लेकर चाकूबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** द्वारकापुरी क्षेत्र में सोमवार को हुए विवाद का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। घटना में सात लड़कों ने मिलकर एक नाबालिग पर हमला कर दिया। बाद में घायल नाबालिग ने आरोपियों से चाकू छीनकर एक अन्य लड़के पर वार किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष के लड़के अवैध नशे के कारोबार से जुड़े हैं। इसी को लेकर विवाद होने की बात सामने आ रही है। द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, दो पक्षों के नाबालिगों के बीच विवाद हुआ था। पहले साहिल के साथ आए उसके नाबालिग साथियों ने सामने वाले पक्ष के एक नाबालिग को चाकू मार दिया। इसके बाद घायल नाबालिग ने आरोपियों से चाकू छीनकर उनके एक अन्य नाबालिग साथी विक्की पर हमला कर दिया। हमले के बाद एक पक्ष थाने पहुंचा, जबकि दूसरा पक्ष इलाज के लिए अस्पताल गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर कार्रवाई की है।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक